दिन–शुक्रवार दिनांक– 21 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राष्ट्रगान के अपमान के मुद्दे को लेकर विधान मंडल में राजद, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने किया जमकर हंगामा। शून्यकाल और प्रश्नकाल बाधित हुआ।

02. भाजपा और जदयू ने इस मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – केंद्र की मोदी सरकार आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

04. और, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सेपक टाकरा विश्वकप में भारत की महिला टीम सेमीफाइनल में पहुंची, जबकि पुरूष टीम क्वार्टर फाइनल में।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कथित तौर पर राष्ट्रगान का अपमान करने के मामले को लेकर विधानमंडल के दोनों सदनों में आज जमकर हंगामा हुआ। हंगामे और शोरगुल के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल सुचारू ढंग से नहीं चल सका। विधानसभा में आज जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि पटना में एक खेल समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

–––बाइट–––

हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि विपक्ष को मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय परम्पराओं को समझाने की जरूरत नहीं है। वे हमेशा अपनी राष्ट्रीय परम्पराओं के प्रति सजग रहे हैं।

–––बाइट–––

श्री चौधरी के बयान के बाद भी राजद समेत सभी विपक्षी दलों के विधायक हाथों मे पोस्टर लिये हुये सदन के बीचो–बीच आ गये और नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के बार–बार अनुरोध के बावजूद हंगामा शांत नहीं हुआ। हो–हंगामे के बीच सभाध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी। भोजनावकाश के बाद विधानसभा की

कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई विपक्षी दलों ने राष्ट्रगान के अपमान को लेकर फिर से हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर बाद साढ़े तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। साढ़े तीन बजे जब कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। हंगामे के दौरान विधायी कार्य निपटाए गए और सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इधर, विधान परिषद में भी इस मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। हंगामें के कारण सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, कार्यवाही जब दो बजे शुरु हुई तो दोबारा हंगामे के कारण विधान परिषद की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

———————————————————————————

हंगामे के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री डॉक्टर अशोक चौधरी ने अपने विभाग का बजट पटल पर पेश किया, जिसे मंजूर कर लिया गया। श्री चौधरी ने बताया कि प्रदेश में सात हजार दो सौ किलोमीटर नई ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत एक हजार दो सौ किलोमीटर और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छह हजार किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पैंतीस हजार किलोमीटर सड़कों की मरम्मत की जाएगी। वहीं, चार सौ नये पुल–पुलिया का भी निर्माण कराया जाएगा।

———————————————————————————

राष्ट्रगान का अपमान करने के मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गयी है। पत्रकारों से बातचीत में विधान परिषद में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस मामले पर माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने देश का अपमान किया है और उन्हें अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है।

———बाइट———

इधर, जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने राजद पर पलटवार करते हुए कहा है कि लालू–राबड़ी शासनकाल में तिरंगे और राष्ट्रगान का कई बार अपमान किया गया है। श्री कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार की राष्ट्रभक्ति पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। विपक्ष बेवजह इस बात को तूल दे रहा है। इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी प्रसाद यादव पर आरोप लगाया कि वे नौकरी के बदले जमीन घोटाले से ध्यान हटाने के लिए ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि नीतीश कुमार की देशभक्ति पर सवाल नहीं खड़े किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे लालू प्रसाद के परिवार को देश से मांफी मांगनी चाहिए।

———बाइट———

————————————————————————————

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के दौरान जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद के कारण होने वाली मौतों में सत्तर प्रतिशत कमी आई है और आतंकी घटनाओं में भी भारी कमी हुई है। राज्यसभा में आज गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का उत्तर देते हुए श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार ने राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रौद्योगिकी के उपयोग से देश की सुरक्षा मजबूत की है।

———बाइट———

उन्होंने बताया कि जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद और पूर्वोत्तर में उग्रवाद की तीन बड़ी चुनौतियों का देश ने अतीत में सामना किया है, जिससे राष्ट्र की प्रगति और विकास में बाधा उत्पन्न हुई। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने इन सभी चुनौतियों का कडाई से सामना किया है। श्री शाह ने कहा कि अनुच्छेद– तीन सौ सत्तर हटाकर मोदी सरकार ने संविधान निर्माताओं के एक संविधान– एक झंडे का सपना पूरा किया है।

———बाइट———

————————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सेपक टाकरा विश्व कप में भारत की पुरूष टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है। वहीं, भारत की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमिफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम के मुख्य कोच हेम राज ने बताया कि भारत की पुरूष टीम ने आज अमेरिका और ईरान को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

———बाइट———

————————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पंजाब के भटिंडा के गुरू काशी विश्वविद्यालय में बिहारी छात्रों पर जानलेवा हमले की घटना की कड़ी निंदा की है। श्री चौधरी ने पंजाब सरकार से तत्काल बिहार के छात्रों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

---बाइट---

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने आज दानापुर कैंट स्थित करिअप्पा ग्राउंड में पूर्व सैनिक रोजगार मेला का उद्घाटन किया। मेले में राज्य के विभिन्न जिलों से एक हजार छह सौ से अधिक पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान पूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि बिहार के लोग बड़ी संख्या में सशस्त्र बलों में सेवा देते हैं, और सेवानिवृत्ति के बाद उनका पुनर्वास हमारी साझा जिम्मेदारी है।

---बाइट---

---

सोलहवें वित्त आयोग की टीम ने आज मधुबनी जिले का दौरा किया। आयोग के अध्यक्ष अरविन्द पनगढ़िया के नेतृत्व मे टीम झंझारपुर प्रखंड के अड़रियासंग्राम पंचायत पहुंची। टीम ने पंचायत भवन कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया और अधिकारियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। टीम ने पंचायत में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी की।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के मौसम में बदलाव हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के गया, नवादा और औरंगाबाद सहित अन्य जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई स्थानों पर बादल छाये रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है।

----बाइट---

---

बिहार दिवस समारोह कल मनाया जाएगा। बाईस मार्च उन्नीस सौ बारह को बिहार, बंगाल से अलग होकर एक स्वतंत्र राज्य बना था। इस साल बिहार दिवस का थीम–**'उन्नत बिहार–विकसित बिहार' है।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल पटना के गांधी मैदान में बाईस से छब्बीस मार्च तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन करेंगे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी बिहार दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राष्ट्रगान के अपमान के मुद्दे को लेकर विधान मंडल में राजद, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने किया जमकर हंगामा। शून्यकाल और प्रश्नकाल बाधित हुआ।

02. भाजपा और जदयू ने इस मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – केंद्र की मोदी सरकार आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

04. और, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सेपक टाकरा विश्वकप में भारत की महिला टीम सेमीफाइनल में पहुंची, जबकि पुरूष टीम क्वार्टर फाइनल में।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।